माननीय राज्यपाल का अभिभाषण
अत्यावश्यक
e-mail

पत्र संख्या–सं0का0–1/वि०मं०(राज्य0 अभि0)–01–06/2025–............./

# बिहार सरकार
## संसदीय कार्य विभाग

**प्रेषक,**

**अनुपम कुमार,**
सचिव।

**सेवा में,**

**सभी अपर मुख्य सचिव/प्रधान सचिव/सचिव,**
सरकार के सभी विभाग, बिहार।
(निगरानी विभाग, योजना एवं विकास विभाग, अल्संख्यक कल्याण विभाग, खान एवं भूतत्व विभाग, सामान्य प्रशासन विभाग एवं परिवहन विभाग को छोड़कर)

पटना, दिनांक–.................2026

***विषय : बिहार विधान मंडल के बजट सत्र, 2026 के अवसर पर दोनों सदनों के एक साथ समवेत अधिवेशन में माननीय राज्यपाल के अभिभाषण से संबंधित आहूत बैठक के संबंध में।***

महाशय,

उपर्युक्त विषयक विभागीय पत्रांक–932, दिनांक–24.12.2025 (प्रति संलग्न) का कृपया निदेश किया जाय। माननीय राज्यपाल के अभिभाषण का प्रारूप तैयार करने हेतु वित्तीय वर्ष 2025–26 की उपलब्धियाँ एवं वित्तीय वर्ष 2026–27 के भावी कार्यक्रमों एवं अन्य नीति विषयक सामग्री अबतक अप्राप्त है।

2. अतः अनुरोध है कि अपने विभाग से संबंधित विभागीय प्रतिवेदन, भावी कार्यक्रमों की रूपरेखा एवं गत वर्ष के माननीय राज्यपाल अभिभाषण का अनुपालन प्रतिवेदन दो प्रतियों में (हार्ड कॉपी) तथा सॉफ्ट कॉपी (पेन ड्राईव) **Kruti Dev 010 Fonts, M.S. Word, Size 16 (PDF स्वीकार्य नहीं)** के साथ अविलम्ब भेजने की कृपा की जाय।

3. इस संदर्भ में **दिनांक–16.01.2026 को 11:30 बजे पूर्वाह्न** में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में समीक्षात्मक बैठक आहूत की गयी है। उक्त बैठक में विभागीय प्रतिवेदन के साथ भाग लेने हेतु अपने विभाग के नोडल पदाधिकारी को निदेशित करने की कृपा की जाय।

कृपया इसे सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाय।

**विश्वासभाजन,**

***अनुलग्नकः–यथोक्त।***

**ह0/–**
**(अनुपम कुमार)**
**सचिव।**

ज्ञाप संख्या–सं0का0–1/वि०मं०(राज्य0 अभि0)–01–06/2025–74......../पटना, दि०–14.01.2026

प्रतिलिपि–आई0टी0 मैनेजर, संसदीय कार्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

14.01.2026

**(राजेश कुमार)**
**सरकार के अपर सचिव।**



Feb-March-2026_Assembly Commence & Prorogue.docx